तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 21. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



4

सर्वमनोकामना पूर्ण करने वाली मां मनका दाई, सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद होती है पूरी




## खबर संक्षेप

### दुकान में लगी आग लाखों का नुकसान

**अकलतरा।** नरियरा के आटो पार्टस दुकान में लगी आग से संचालक को लाखों रुपए का नुकसान पहुंचा है। सीमेंट कंपनी व वर्धा पॉवर के दमकम की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। मिली जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल की रात रात 9:45 पर प्रीतम ऑटो पार्ट्स नरियरा के वर्कशॉप में आग लग गई। जिसके चलते दुकान जलकर राख हो गया। आज को बुझाने के लिए जांजगीर से फायर ब्रिगेड की टीम न्यू को सीमेंट प्रोजेक्ट आरसमेटा एवं वर्धा पावर कंपनी के फायर ब्रिगेड तीनों दमकल की गढ़िया आग बुझाने में लगी रही और लगभग 12:00 बजे रात तक आग पर काबू पाया गया बुझाने में इसकी सूचना संबंधित थाना मूलमुला को वार्ड पार्षद भवानी सिंह के द्वारा मौखिक रूप से दिया गया समय ने पुलिस प्रशासन के मौके पर उपस्थित होने के कारण बड़ी से बड़ी दुर्घटना से बच गया।

### गांजा परिवहन करते 3 आरोपियों को पकड़ा

**जांजगीर-चांपा।** पौने तीन किलो गांजा के साथ 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही परिवहन में प्रयुक्त बाइक की भी जब्ती बनाई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दीपक वर्मा उम्र 24 वर्ष निवासी किरोड़ीमल के कब्जे से बैग में रखे मादक पदार्थ गांजा वजन 2.777 किलो ग्राम किमती करीब 22 हजार रूपये एवं एक फैशन प्रो मोटर सायकल कमांक किमती 20 हजार रूपये, एक ओप्पो कंपनी का मोबाईल किमती 5 हजार रूपये, रविशंकर देवांगन उम्र 36 वर्ष निवासी नवागढ़ वार्ड नंबर 10 भांठापारा थाना नवागढ़ जिला जांजगीर चांपा के बिना नंबर के एन एक्स जी मोटर सायकल के डिग्गी से दो पैकेट मादक पदार्थ गांजा वजन 1.789 किलोग्राम किमती 15 हजार रूपये, मोटर सायकल किमती 20 हजार रूपये का एक पुराना ईस्तमाली रियल मी कंपनी का मोबाईल किमती 5 हजार हजार रूपये का कुल किमती 40 हजार रूपये एवं आरोपी दीपक कटवार उम्र 21 वर्ष के कब्जे से बैग के अंदर 2 पैकेट में गांजा कुल 1.990 किलोग्राम किमती 15 हजार रूपये कुल किमती 16 हजार रूपये इस तरह आरोपियों के कब्जे से 3 नग मोबाईल,कुल गांजा वजन - 6.436 किलोग्राम गांजा, 2 नग मोटर सायकल कुल किमती 1 लाख 3 हजार रूपये का आरोपियों कब्जे से जप्त कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया हैं।

### 35 बोरी अवैध महुआ लहान को किया नष्ट

**मालखरौदा।** मालखरौदा पुलिस के द्वारा उच्च अधिकारियों से निर्देश के बाद क्षेत्र में हो रहे अवैध शराब बिक्री एवं तस्करी रोकथाम करने तथा अवैध महुआ लाहन को नष्ट किया गया। जिसके तहत 1 अप्रैल को ग्राम मालखरौदा के तालाब में डूबे हुए अवैध महुआ लाहन करीबन 35 बोरी को नष्ट किया गया।

### हजारों एकड़ की फसल दांव पर, विभाग का मैदानी अमला नदारद

# खेतों में पड़ी दरारें, पानी के लिए हो रहा सिर फुटौव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अपने खून पसीने की मेहनत से गर्मी में भी लहलहाती फसल लगाने वाले माटी पुत्र किसान इन दिनों सिंचाई की समस्या से जूझ रहे है। स्थिति यह है कि ऊपरी क्षेत्रों में नहर की धार रोकने के कारण निचले इलाकों में नहर का प्रवाह अत्यंत कम हो गया है। पानी की कमी के चलते खेतों में दरारें पड़ने लगी है और फसल मुरझाने लगे है। ऐसी स्थिति में कई जगहों पर नहर के पानी को लेकर गांव गांव के किसानों के बीच सिर फुटौव्वल की स्थिति भी निर्मित होने लगी है। वहीं जिम्मेदार प्रशासन के साथ जल संसाधन का पूरा अमला अंजान बना हुआ है।

गौरतलब है कि हसदेव बांगो नहर से 90 प्रतिशत से अधिक सिंचित जांजगीर चांपा जिले में इस बार भी बड़ी संख्या में किसानों ने ग्रीष्मकालीन फसल लगाई है। फसल लगाने के पूर्व बकायदा जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक हुई। जिसमें जनवरी के पहले सप्ताह से लेकर 30 अप्रैल तक हसदेव बांगो नहर में रबी फसल के लिए पर्याप्त पानी छोड़े जाने का निर्णय हुआ था। इस दौरान जिम्मेदार अफसरों के साथ उपस्थित समिति के पदाधिकारियों के समक्ष इस बात का भी निर्धारण किया गया था कि पिछले जहां तक पानी दिया गया था, वहां तक पानी देने में इस बार भी कोई दिक्कत नहीं होगी। इसके बाद किसानों ने ग्रीष्मकालीन फसल की बोआई की। वर्तमान में गर्मी के दिनों में लगी फसल लहलहाने लगी है। किसानों ने दो महीने



पानी की कमी के चलते खेतों में पड़ी दरारें।

#### जिम्मेदार विभाग बेपरवाह, किसान परेशान

ग्रीष्मकालीन फसल लगाने के लिए जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में पहले दांयी तट शाखा अंतर्गत बलौदा, अकलतरा, नवागढ़ और पामगढ़ में पानी देने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद बांयी तट वालों ने भी पानी की मांग की। जिस पर जिम्मेदार विभाग के साथ प्रशासनिक अमले ने आंख मूंदकर हामी भर दी। बताया जाता है कि इसके बाद दोनों शाखाओं में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी छोड़ा गया, लेकिन जिम्मेदार विभाग की लापरवाही और निष्क्रियता के चलते तकरीबन 30 फीसदी पानी की बर्बादी होने लगी। अभी भी टेल एरिया में जहां खेतों तक नहर की धार नहीं पहुंच रही है, वहीं ऊपरी क्षेत्रों में जा रहा पानी नालों में व्यर्थ बह रहा है। इस तरह की स्थिति कई जगहों पर देखी जा सकती है, लेकिन वाह रे! जल संसाधन विभाग। इस पर रोक लगाने की पहल तो दूर की बात तरीके से निगरानी भी नहीं कर पा रहे है। अधिकारी तो दूर मैदानी अमले को भी व्यवस्था बनाने की चिंता नहीं है। लिहाजा किसानों की परेशानी दिन ब दिन और भी बढ़ती जा रही है।

मेहनत की है। कुछ जगहों पर फसलों में बालियां भी निकलने वाली है, लेकिन ऐनवक्त में पानी की कमी ने कई गांवों के किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। खास करके नवागढ़ ब्लाक में धुरकोट डिवाईडर के आगे नहर की धार कम हो जाती है। नवागढ किरीत के बाद खैरताल, खपराडीह और तुलसी माईनर में नहर की धार अत्यंत पतली हो गई है।

इसी प्रकार सेमरा क्षेत्र में भी नहर के पानी को लेकर वाद विवाद शुरू हो गया है। बताया जाता है कि ऊपरी क्षेत्र के लोगों ने मुख्य शाखा नहर पर जगह जगह हेडअप कर दिया है। जिससे निचले क्षेत्र के गांवों तक नहर की धार नहीं पहुंच पा रही है। इस क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में पानी की कमी के चलते ना केवल फसलें मुरझाने लगी है, बल्कि खेतों में दरारें भी पडने लगी है। बताया जाता है कि अवरीद, बुडेना के आगे चौराभांठा, अमोरा क्षेत्र में स्थिति ज्यादा चिंताजनक है।

#### दिन भर छाए बादलों पर निगाहें शायद बरस जाए राहत की बूंदे

गर्मी की फसल लगाकर सिंचाई की समस्या से जूझ रहे टेल एरिया के किसानों की नजर आसमान पर छाए बादलों पर टिकी हुई है। नीचे वाले नहीं तो ऊपर वाले की ही कृपादृष्टि पर राहत की बूंदे बरस जाए तो मुरझाती फसलों को जीवनदान मिल जाए। पिछले दिनों होली के दौरान नहर की धार बंद हुई थी, तब भी किसानों की फसलें मुरझाने लगी थी। ऐनवक्त पर बेमौसम बरसात हुई। जिससे फसलों को जीवनदान मिला। अबकी बार भी नवागढ़, तुलसी, मिस्दा, उदयभांठा और सेमरा, चौराभांठा, कचंदा, मुड़पार क्षेत्र के किसान आसमान की ओर देख रहे है। वैसे देर शाम कई जगहों पर बूंदाबांदी के साथ बारिश भी हुई।

#### लेंगे संज्ञान में

ग्रीष्मकालीन धान की फसल के लिए जिले के सभी क्षेत्रों में पानी पहुंचाया जा रहा है। जिन क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंच रहा है। इस मामले को संज्ञान में लेकर पानी पहुंचाने हर संभव प्रयास किया जाएगा।

-शशांक सिंह,
ईई
सिंचाई विभाग जांजगीर

# शराब में मिलाया था कीटनाशक, पीने से गई थी 2 की जान, आरोपी गिरफ्तार

### पिछले माह नवागढ़ क्षेत्र के भटली की घटना



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भठली में करीब माह भर पूर्व जहरीली शराब पीने से दो लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने पुरानी रंजिश को लेकर शराब में कीटनाशक मिलाकर दिया था। जिसे पीने के बाद उनकी मौत हो गई।

इस संबंध में नवागढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम भटली निवासी सीताराम लहरें उम्र 65 साल एवं रोहित कुमार तेंदुलकर उम्र 25 वर्ष का शराब पीने से 6 मार्च को दोनों की मौत हुई थी। इस पर थाना नवागढ़ में मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के दिशा निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप के मार्गदर्शन में डीएसपी जितेन्द्र कुर्रे , नवपदस्थ थाना प्रभारी पारस पटेल की टीम जांच में जुटी। पुलिस ने डाक्टर से पीएम रिपोर्ट प्राप्त किया। जिसमें डाक्टर द्वारा कीटनाशक जहर होना लेख किया था। इस पर जांच प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई और गवाहों के कथन लिए गए। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि गांव के ही रामगोपाल खूंटे और सुंदरलाल कुर्रे का विवाद हुआ था। विवाद के दौरान रामगोपाल ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। इस कड़ी को जोडते हुए पूछताछ करने पर पता चला कि घटना दिनांक 6 मार्च की शाम करीब 6 बजे रामगोपाल खूंटे शराब के नशे में शराब में जहर मिलाकर सुंदरलाल कुर्रे के घर पहुंचा। उसने खुली शीशी में भरी शराब को सुंदरलाल कुर्रे को पीने के लिए दिया। पुलिस के मुताबिक शराब की शीशी का सील खुला हुआ था, जिसे देखकर रामगोपाल ने पीने से मना कर दिया। इतने में उसके पास बैठे सीताराम लहरें और रोहित कुमार तेंदुलकर ने उसे पी लिया। शराब पीने के बाद दोनों की तबीयत बिगड़ गई, उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां दोनी की मृत्यु हो गई। प्रकरण में थाना नवागढ़ में मर्ग जांच पर से धारा 103 बीएनएस कायम कर विवेचना कार्यवाही में विवेचना कार्यवाही में लिया गया। बहरहाल मामले में पुलिस ने भठली निवासी आरोपी रामगोपाल खूंटे को पकड़कर पूछताछ की और उसके द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर से उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद 3 अप्रैल को पुलिस ने उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया। जहां से रिमांड पर भेज दिया गया।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पुरानी रंजिश को लेकर शराब में दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हुई है। पुलिस मामलों की जांच में जुटी है। पहली घटना मालखरौदा थाना क्षेत्र के बंदोरा की है, तो वहीं दूसरी घटना बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के ग्राम हथनेवरा की है।

इस संबंध में मालखरौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 3 अप्रैल को ग्राम बुंदेली के केंद्र क्रमांक 2 में पदस्थ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीना गबेल उम्र 33 वर्ष अपने घर बंदोरा से आंगनबाड़ी केंद्र जाने के लिए निकली थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 11 बी एन 4966 के ड्राइवर द्वारा लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी। जिससे महिला की मौत हो गई, जबकि उसका 8 साल का पुत्र दूर छिटक गया। घटना बंदोरा शाखा नहर के पास की है। आरोपी अशोक माली उम्र 19 वर्ष ग्राम सिरियारी थाना डभरा निवासी जो की रेत भरकर ला रहा था को गिरफ्तार कर लिया गया।




दूसरी घटना बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के ग्राम हथनेवरा की है। बम्हनीडीह पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना गुरूवार 3 अप्रैल की शाम 6 बजे की है। सारागांव थाना क्षेत्र के ग्राम कमरीद निवासी रामसागर कश्यप पिता भूषण कश्यप बाइक क्रमांक सीजी 11 बी जे 7211 में सवार होकर कमरीद से जांजगीर की ओर आ रहा था। वह हथनेवरा चौक के पास पहुंचा था कि इस दौरान अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुए बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। घटना से रामसागर कश्यप की मौके पर ही मौत हो गई। इस बीच घटना को अंजाम देने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। इसके बाद युवक के शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

### निवेशकों से 8 लाख की धोखाधड़ी, गिरफ्तार



**चांपा।** निवेशकों से 8 लाख 33 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला चांपा थाना का है। मिली जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के इंदौर निवासी जितेन्द्र बिषे पिता फुलचंद बिषे उम्र 45 वर्ष चिटफण्ड कम्पनी विनायक होम्स रियल स्टेट कम्पनी के संचालक था। जिसके द्वारा अन्य साथियों द्वारा लोगों को विशेष ऑफर योजना का प्रलोभन देकर निवेशकों से लगभग 8 लाख 33 हजार रुपए का धोखाधड़ी कर ऑफिस बंद कर भाग गया है। धारा 420,34 भादवि ईनामी चिट फण्ड एवं धन परिचालन स्कीम की धारा 3,4,5 एवं छ.ग. निक्षेपको का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 6,10 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण सदर के आरोपी थाना सिटी कोतवाली जशपुर के धोखाधड़ी के मामलें में जिला जेल जशपुर में पूर्व से निरूद्ध होने से आदेशानुसार प्रोडक्शन वारंट पर आरोपी जितेन्द्र बिषे को जशपुर जेल से जिला जांजगीर लाया जाकर गिरफ्तार कर गुरूवार 3 अप्रैल को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### ग्रामीण व किसानों को लगाना पड़ता है चक्कर

# पटवारियों पर दो से तीन जगहों का प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

मालखरौदा तहसील अंतर्गत आने वाले राजस्व हल्का पटवारियों पर दो से तीन जगहों का प्रभार है। जिसके चलते पटवारी कार्यालयों में समय नहीं दे पा रहे है। ऐसे में कामकाज कराने पहुंचे किसान व ग्रामीणों को पटवारी कार्यालयों का चक्कर काटने की मजबूरी बनी होती है।

ज्ञात हो कि मालखरौदा अनुभाग राजस्व कार्यालय के तहत मालखरौदा एवं अड़भार दो तहसील है। जिसमें वर्तमान में मालखरौदा तहसील में 20 पद पटवारी के स्वीकृत है। जिसमें से 15 भरे हुए हैं। वहीं 5 पद लंबे समय से रिक्त है। इसी प्रकार और अड़भार तहसील में




16 पद पटवारी के स्वीकृत है। जिसमें से 8 पद भरे हुए हैं। ऐसे में देखा जाए तो मालखरौदा में पटवारी के 5 पद खाली है, जबकि अड़भार में पटवारी के 8 पद खाली है ऐसे में क्षेत्र के पटवारी को दो-दो तीन-तीन हल्के का प्रभार मिला हुआ है जिसके कारण ग्रामीण जाति निवास पर्ची नामांतरण फौती जैसे कार्यों के लिए पटवारी का चक्कर लगाना पड़ रहा है ज्यादातर पटवारी को अगल-बगल का पंचायत हल्का देने की बजाय 8 से 10 किलोमीटर दूर का हल्का दिया गया है। जिसके कारण ग्रामीणों को उनसे कार्य कराने के लिए दूर जाना पड़ता है। वहीं कई पटवारी ऐसे हैं, जो एक ही जगह कार्यालय में बैठते हैं जबकि नियमतः पटवारी को दो दिन एक हल्के में और 2 दिन दूसरे हल्के में बैठना चाहिए। जिससे कि ग्रामीणों व किसानों का कार्य आसानी से हो सके साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार एवं जिला प्रशासन को भी चाहिए कि खाली पदों को शीघ्र भरा जाए। इस संबंध में मंद्रागोढ़ी सरपंच चीनी लाल का कहना है कि जब से पटवारी यहां पदस्थ हुए हैं। आज तक उनका दर्शन नहीं हुआ कार्य कराने के लिए सभी ग्रामीणों को ग्राम कटारी जाना पड़ता हैं ।

#### कराया गया अवगत

पटवारी की कमी के संबंध में उच्च कार्यलय को पत्र लिखा जाता है। वहीं अगर कोई पटवारी कार्यालय में नहीं बैठ रहे थे उसके बारे में सरपंच जानकारी दे सकते हैं।

-रूपेंद्र पटेल,
मालखरौदा एसडीएम




**खबर संक्षेप**

## बदहाल सड़क की विभाग ने ली सुध, कराया मरम्मत



**हसौद।** बिलासपुर-रायगढ़ मुख्य मार्ग पर स्थित धमनी चौक के आगे का हिस्सा लंबे समय से जर्जर हालत में था, जिससे वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों के कारण आए दिन हादसे हो रहे थे, लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से बदहाल सड़क के मरम्मत को लेकर कोई उचित पहल नहीं की गई थी। गत रविवार की रात इसी जर्जर सड़क पर एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक मजबूर व्यक्ति की जान चली गई। इस घटना कोपीडब्ल्यूडी विभाग ने तुरंत सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू किया। 2 अप्रैल की सुबह पीडब्ल्यूडी की टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त सड़क को ठीक करने के लिए गड्ढों में गिट्टी व बजरी डलवाई गई। इस त्वरित कार्यवाही से वाहन चालकों को अस्थायी राहत मिली है। हालांकि, विभाग का कहना है कि यह केवल एक अस्थायी समाधान है और जल्द ही यहां स्थायी मरम्मत कार्य किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने बताया कि इस सड़क को सही तरीके से मरम्मत करने के लिए जल्द ही टेंडर जारी किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि प्रस्तावित कार्य पूरा होते ही सड़क की स्थिति में व्यापक सुधार होगा और लोगों को यात्रा में किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस सुधारात्मक कार्रवाई से स्थानीय लोगों में संतोष देखा जा रहा है। ग्राम पंचायत धमनी के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि खेमराज खट्टरजी ने कहा कि हम लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे थे। हर दिन यहां वाहन फंसते थे और दुर्घटनाएं होती थीं। वहीं, अन्य ग्रामीणों ने भी प्रशासन से अपील की है कि सड़क की मरम्मत को स्थायी रूप से पूरा किया जाए, ताकि भविष्य में कोई और दुर्घटना न हो।

## मां मड़वारानी मंदिर में मनाया जा रहा चैत्र नवरात्र



**जांजगीर-चांपा।** जिले के हृदय स्थल, वार्ड नंबर 16, डबरी पारा, जांजगीर स्थित मां मड़वारानी मंदिर में चैत्र नवरात्रि का पर्व बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया जा रहा है। नवरात्रि के पावन अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा है। रोजाना मंदिर में माता रानी की भव्य आरती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। आरती के साथ-साथ भजन-कीर्तन का आयोजन भी हो रहा है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो गया है। श्रद्धालु भक्ति भाव से माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। विशेष रूप से, इस वर्ष मां मड़वारानी मंदिर में 68 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए श्रद्धा भाव से ज्योति कलश जलवाए हैं। मान्यता है कि माता रानी की कृपा से श्रद्धालुओं की सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं।

## महामाया मंदिर में बालिकाओं ने साफ-सफाई कर बनाई रंगोली



**गोधना।** नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम बोरदा के महामाया मंदिर में चैत्र नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। जहां मंदिर में 109 श्रद्धालुओं ने मनोकामना दीप प्रज्वलित किए हैं । वहीं ग्राम बैगा ने बताया कि यह बहुत ही सुंदर और सराहनीय पहल है। नवरात्रि का पर्व शक्ति, भक्ति और स्वच्छता का प्रतीक है, और बालिकाओं द्वारा रंगोली बनाना और मंदिर परिसर की सफाई करना इस त्योहार की पवित्रता को और बढ़ा देता है। महामाया देवी मंदिर में इस तरह के आयोजनों से न केवल भक्तों को एक स्वच्छ और सुंदर वातावरण मिलता है, बल्कि यह बच्चों में संस्कृति और सेवा का भी भाव जागृत करता है।

जाँजगीर मार्केट
संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
• फ्रेक्चर, प्लास्टर ऑपरेशन के बाद जोड़ो का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
• कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
• सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह) नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS (Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

### भाजपा मनाएगी बूथ स्तर पर 6 को स्थापना दिवस व 14 को अंबेडकर जयंती

# भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन: कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भाजपा स्थापना दिवस और भारत रत्न डॉ.भीमराव आंबेडकर जयंती कार्यक्रम को व्यापक स्तर पर मनाने की तैयारियों को लेकर जांजगीर पहुंचे प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता व विधायक धरमलाल कौशिक ने भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओ की बैठक ली।

बैठक में जांजगीर पहुंचे पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक का जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े व कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। आगे श्री कौशिक ने स्थापना दिवस और अंबेडकर जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी के द्वारा दिए गए कार्यक्रमों को हर कार्यकर्ता गंभीरता से लेकर सफलतापूर्वक संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बन चुका है। लेकिन इसकी शुरूआत करने वाले लोगों को भी याद किया जाना चाहिए। श्री कौशिक ने कहा 4 और 5 को मंडलों में तैयारी हेतु बैठके आयोजित की जाएगी। 6 अप्रैल को स्थापना दिवस पर हर कार्यकर्ता अपने घरों में पार्टी का झंडा लगाए। जबकि 7 अप्रैल को बूथों पर स्थापना दिवस मनाएं। 8 और 9 अप्रैल को मंडल स्तर विधानसभा स्तर पर सम्मेलन होंगे। 9 से 12 अप्रैल तक हर कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर रात्रि प्रवास करें। आगे उन्होने बताया कि 13 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर की मूर्तियों की सफाई की जाएगी। 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती को धूमधाम से मनाई जाएगी। इसके बाद 25 अप्रैल तक गांव-गांव और बूथ स्तर पर बाबा साहेब के जीवन परिचय, केंद्र,राज्य सरकार से लेकर भाजपा के द्वारा उनके नाम पर चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी देंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने बताया कि कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिला संयोजक के रूप में जिला महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। पामगढ़ विधानसभा संयोजक संतोष लहरे, अकलतरा विधानसभा संयोजक नंद चौधरी और जांजगीर चाम्पा विधानसभा संयोजक अमर सुल्तानिया को बनाया गया है। इसके लिए जिले के सभी 12 मंडलों में संयोजक और दो सदस्य नियुक्त किए जाएंगे। जिला संयोजक पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि 6 अप्रैल को सभी पार्टी कार्यालयों और कार्यकर्ताओं के घरों पर पार्टी का झंडा फहराया जाएगा। कार्यालयों में सजावट होगी, मिठाई बांटी जाएगी और प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 6 और 7 अप्रैल को हर बूथ पर प्राथमिक सदस्यों के साथ स्थापना दिवस मनाया जाएगा। 8 और 9 अप्रैल को मंडल या विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन होगा। ।7 से 12 अप्रैल तक सेवा बस्ती चलो अभियान चलेगा विधानसभा संयोजको संतोष लहरे अमर सुल्तानिया व नंद चौधरी ने बताया कि 7 से 12 अप्रैल तक मंडल अध्यक्ष से ऊपर के पदाधिकारी, ब्लॉक पंचायत सदस्य, पार्षद और निर्वाचित जनप्रतिनिधि सेवा बस्ती चलो अभियान में भाग लेंगे। बैठक मे पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी पूर्व सांसद कमला पाटले सोशल मीडीया के प्रदेश प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर पूर्व जिलाध्यक्ष गुलाब चंदेल कार्तिकेशवर स्वणकार यशवंत साहू रेखा गढ़वाल गोविंद यादव सहित कार्यकर्ता कार्यक्रम मे उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक धरमलाल कौशिक।

## सांई बाबा की प्राण प्रतिष्ठा में उमड़े भक्त

**सरिया।** सांईनाथ तेरे हजारों हाथ जिस जिस ने तेरा हाथ लियाए तू हो गया उसके साथ इसी तरह के भजनों के साथ सरहदी प्रांत उड़ीसा की ग्राम कपासीरा में आज भव्य सांई मंदिर में सांई बाबा का प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में सांई भक्तों ने सांई बाबा के दर्शन किए। छत्तीसगढ़ उड़ीसा के बीच उड़ीसा के ग्राम कपासीरा जिला बरगढ़ में आज भव्य सांई मंदिर में सांई बाबा के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में छत्तीसगढ़ उड़ीसा से बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे और सांई बाबा के दर्शन किए। 30 मार्च से 3 अप्रैल तक पांच दिवसीय साई बाबा प्राण प्रतिष्ठा में आज गुरुवार को सांई सेवा ट्रस्ट कपासीरा के तत्वावधान में सांई बाबा की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इस दौरान सांई भजन लोग सुनकर खूब झूमे। इसके पहले ट्रस्ट की ओर से सांई बाबा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान अनुसार संपन्न किया गया। पांच दिवसीय मंदिर प्रतिष्ठा अनुष्ठान में छत्तीसगढ़ उड़ीसा के कई जगह से सांई भक्त शामिल हुए और यहां बाबा के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। प्रातः से ही सांई भक्तों की भीड़ उमडी। सुबह से ही बाबा का पंच स्नान पूजन हुआ। तत्पश्चात पूर्णाहुति हवन के बाद आरती हुई। इसके बाद भजन कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया। बता दें कि विगत 12 वर्ष से सरिया से 11 किलोमीटर दूर उड़ीसा प्रांत के कपासीरा में सांई मंदिर निर्माण की संकल्प लिया गया था।

# पूर्व विधायक सौरभ बने छत्तीसगढ़ खनिज निगम के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु व्यवसाय के द्वारा 2 अप्रैल को प्रदेश के निगम, मंडल एवं अयोग के पदाधिकारीयों की नियुक्ति की गई जिसमें अकलतरा के पूर्व विधायक सौरभ सिंह को छत्तीसगढ़ खनिज निगम का अध्यक्ष बनाकर उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप गई है।

सौरभ सिंह अकलतरा नगर से तीसरे एवं अकलतरा विधानसभा से चौथे व्यक्ति हैं जिन्हें प्रशासनिक जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पूर्व सौरभ सिंह के पिता एवं पूर्व विधायक धीरेंद्र कुमार सिंह को 1983 से 1986 तक अविभाजित मध्य प्रदेश के अर्जुन सिंह सरकार में विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) का प्रथम अशासकीय अध्यक्ष बनाया गया था। 2004 में डॉ रमन सिंह के प्रथम कार्यकाल में ग्राम पंतोरा निवासी पूर्व विधायक छतराम देवांगन को संसदीय सचिव बनाया गया था। डॉ रमन सिंह के प्रथम कार्यकाल में ही 2007 से 2010 तक नगर के रमेश दुबे को गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई थी। अब प्रदेश के विष्णु देव साय के सरकार में पूर्व विधायक सौरभ सिंह को छत्तीसगढ़ खनिज निगम के अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप गई है। सौरभ सिंह का राजनीतिक जीवन अब तक चुनौतियों से भरा हुआ रहा है। उनका जन्म 25 जुलाई 2074 को बिलासपुर में हुआ था 1980 से 1984 तक प्रारंभिक स्कूली शिक्षा बिलासपुर के भारत माता स्कूल में, 1984 से 1992 तक मैट्रिक तक की शिक्षा रायपुर के राजकुमार कॉलेज में एवं 1995 में दिल्ली के रामजस कॉलेज से बीए की डिग्री प्राप्त करने के बाद वह संघ लोक सेवा आयोग के परीक्षा की तैयारी के लिए जुट गए। 1999 तक उनका तीन बार चयन केंद्रीय सेवा परीक्षा मे साक्षात्कार के लिए हुआ लेकिन माता-पिता के इकलौते पुत्र होने के चलते उन्होंने अपने पुश्तैनी स्थान पर माता-पिता के साथ रहने का निर्णय किया। 2008 में उन्होंने पारंपरिक पार्टी को छोड़कर बहुजन समाज पार्टी से चुनाव लड़ने का कड़ा एवं लोगों को चौंकाने वाला निर्णय लिया एवं इस निर्णय को अपने पक्ष में करते हुए उन्होंने यह चुनाव जीत लिया। 1914 में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया एवं भाजपा की ओर से विधानसभा चुनाव में प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी की बहू रिचा जोगी के विरुद्ध ऐतिहासिक चुनाव में लड़ते हुए उन्हें पराजित कर वे दूसरी बार विधायक बने।

# शासकीय हाईस्कूल से चोरों ने कम्प्यूटर सेट व सीसी टीवी कैमरा किया पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्दा

शासकीय हाईस्कूल के खिड़की तोड़कर कम्प्यूटर सेट, सीसी टीवी कैमरा की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर लिया है। घटना की रिपोर्ट प्राचार्य ने हसौद थाने में दर्ज कराई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 1 अप्रैल को रात्रि में शासकीय हाईस्कूल में अज्ञात चोरों द्वारा आफिस के खिड़की को तोड़कर दो मानीटर, 2 की बोर्ड, होम थियेटर, सीसी टीवी कैमरा, पावर बोर्ड समेत अन्य सामानों की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा पार कर दिया। इस मामले की रिपोर्ट प्राचार्य घासीराम मनहर ने दर्ज कराई है। जिसकी सूचना पर हसौद पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है।



# नगर व क्षेत्र के गांव में बेरोकटोक बेची जा रही अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा के देशी शराब दुकानों में आबकारी विभाग के संरक्षण में बेखौफ होकर अवैध शराब बेची जा रही है। शराब दुकानदारों एवं बिचौलियों के मिली भगत से सुनियोजित रूप से अवैध शराब का कारोबार फल फूल रहा एवं इस पर नकेल कसने वाले जिम्मेदार आबकारी विभाग के अधिकारी मौन धारण किए हुए हैं।

बताया जा रहा है कि अकलतरा के शराब दुकान से शराब बिचौलिए फुटकर में शराब ले जाते हैं और गांव में बेच देते हैं। आबकारी नियमों के अनुसार एक व्यक्ति को अधिकतम कर पाव देसी शराब दिया जा सकता है। इसी नियम के आड़ में देसी शराब दुकानदार एवं बिचौलियों के द्वारा एक ही व्यक्ति से कई बार चार-चार पाव शराब मंगा कर उसे इकट्ठा किया जाता है एवं क्षेत्र भर के गांव में घूम-घूम कर शराब को अवैध रूप से ज्यादा दाम में विक्रय किया जाता है। नगर एवं क्षेत्र के सभी अवैध शराब बेचने वालों की सेटिंग देसी शराब दुकान दार से है। आबकारी विभाग के द्वारा कार्रवाई के नाम पर कभी कभार केवल खानापूर्ति की जाती है वर्तमान में शायद ही ऐसा कोई गांव होगा जहां शराब न बिकती हो। यही हाल अंग्रेजी शराब दुकान का भी है जहां से कोचियों को नियम से ज्यादा मात्रा में अवैध रूप से शराब दी जाती है जिसे वह नगर के सभी वार्डों में अधिक कीमत में अवैध रूप से बेचते हैं। नगर के बीचो-बीच स्थित एक शराब दुकान ऐसा है जहां पर 24 घंटे सेवा दी जाती है, जिसके चलते यहां ग्राहकों की लाइन लगी रहती है। ग्राम कोटमी सोनार के देशी शराब दुकान से भी क्षेत्र के गांवों में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले बिचौलियों को बड़ी मात्रा में शराब दी जाती है, जिससे वे अपने गांवो में लेकर अवैध रूप से शराब की बिक्री करते है। ग्राम रसेड़ा, कल्याणपुर, अकलतरी, मधुवा, पोड़ी दलहा,पीपरसत्ती, सांकर, सोनादुला, फरहदा गांवो में देशी शराब की अवैध बिक्री की जा रही है। क्षेत्र वासियों का कहना है कि नगर के गली-गली एवं गांव-गांव में अवैध शराब की बिक्री हो रही है। इस संबंध में अकलतरा थाना प्रभारी मणिकांत पांडे का कहना है कि अवैध शराब बिक्री की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाती है एवं आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

# जिला जेल पहुंचे न्यायाधीश ने बंदियों से ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला जेल जांजगीर में 2 अप्रैल को जेल समीक्षा एवं विधिक जागरूकता शिविर हेतु उपस्थित हुआ।

विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटी जांजगीर

- **जिला जेल जांजगीर में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित**

कुमारी सुनीता साहू द्वारा उपस्थित बंदियो से उनके स्वास्थ्य एवं खान-पान के संबंध में जानकारी लिया व विधिक सेवा अधिनियम की योजनाओं, निशुल्क अधिवक्ता नियुक्ति, अपराध की प्रवृत्ति, एट्रोसिटी एक्ट एवं अपने व्यवहारों में सुधार लाने एवं समाज में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। श्रीमती रविंदर कौर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जांजगीर द्वारा उपस्थित बंदियों को उनके प्रकरण में होने वाली समस्याओं के संबंध में जानकारी लिया गया व लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, साइबर अपराध , मोटर व्हीकल एक्ट, आबकारी अधिनियम व अन्य कानूनी जानकारी दिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर के सचिव मनोज कुमार कुशवाहा द्वारा उपस्थित बंदियों को विधिक सेवा प्राधिकरण की समस्त योजनाओं, निशुल्क अधिवक्ता नियुक्ति, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, जेल लीगल एड क्लिनिक की कार्य , किशोर बंदियों की पहचान, बंदियों के प्रकरण में जमानत एवं अपील करने के संबंध में जानकारी, जमानत होने के उपरांत भी जमानत पर्ची पेश न करने वाले के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। उक्त कार्यक्रम में डी . डी. टोडर सहायक जेल अधीक्षक जिला जेल जांजगीर, परमेश्वर कुमार राठौर पैनल अधिवक्ता लीगल एड क्लिनिक जिला जांजगीर, लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल, जयराम गढ़ेवाल पैरा लीगल वालंटियर उपस्थित रहे।



बंदियों से चर्चा करते न्यायाधीश।

# क्लस्टर एक्सीलेंट शिक्षक पुरस्कार सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

विकासखंड पामगढ़ के संकुल केन्द्र मुडपार ब में संकुल के उत्कृष्ट शिक्षकों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में चयनित शिक्षकों को क्लस्टर एक्सीडेंट टीचर का अवार्ड दिया गया।

कार्यक्रम के संबंध में संकुल प्राचार्य सेवक राम राठौर के द्वारा बताया गया कि वर्ष भर जो शिक्षक संकुल के विभिन्न कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं और जिसके कारण विकास खंड और संकुल का नाम जिले में उल्लेखित होता है ऐसे शिक्षक जो विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य कर रहे हैं परन्तु उनका कार्य सामने नही आ पाता और उन्हें कोई सम्मान नहीं मिल पाता उन सभी शिक्षकों के लिए संकुल स्तर पर कलस्टर एक्सीलेंट शिक्षक पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहनलाल कौशिक ने की और विशिष्ट अतिथी के रूप में खंड समन्वयक दुष्यंत भर्तिहरी उपस्थित हुए। अतिथियों द्वारा संकुल के शिक्षकों को पुरस्कार प्रदान किया गया। विभिन्न स्कूलों से आए हुए शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हुए। पुरस्कार हेतु विभिन्न क्षेत्रों का चयन किया गया, जिसमें परीक्षा संचालन, जाति प्रमाण पत्र, अपार आईडी, टीएलएम का प्रयोग, कक्षा कक्षा की सुंदरता, पुस्तकालय का प्रयोग, एफएलएन, एमडीएम , नियमित उपस्थिति, दस्तावेजो का संधारण व अन्य क्षेत्र शामिल रहे ,, जिसमें संकुल के विभिन्न शालाओ के शिक्षक शिक्षिकाए शामिल हुए। पुरुस्कार प्राप्त करने वालो में शिक्षक हरदास मानिकपूरी, कौशिल्या निराला, आकांशा अग्रहरी, नटवर लाल कुर्रे, कमलेश्वरी बंजारे, पूर्णिमा सैकड़े, जोईधाराम ताम्रकार , छोटेलाल बंजारे, देव कुमार कुर्रे, शम्भू साहू, भीष्म कुमार लहरे, मोहित लहरे इत्यादि को सीईटी पुरुस्कार 2025 प्रदान किया गया। विशिष्ट अतिथि समग्र शिक्षा के खन्ड समन्वयक दुष्यंत भर्तिहरी के द्वारा अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि हमें बच्चों के स्तर को ध्यान मे रखते हुए उन्हें किस प्रकार से बाल केंद्रित शिक्षा प्रदान करनी चाहिए जिससे एफएलएन का लक्ष्य प्राप्त हो सके। विकास खंड शिक्षा अधिकारी मोहन कौशिक के द्वारा शिक्षको को उनके कर्तव्य और शासन की योजनाओं को सभी बच्चों तक पहुंचाने की बात कही। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन शैक्षिक समन्वयक चंद्र मोहन तिवारी के द्वारा किया गया। साथ ही अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान पाठिका ममता डहरिया, हरनारायण कुर्रे, शिक्षक मनोज पटेल ,महेंद्र दिव्य , धनंजय यादव, धनराज थवाईत , प्रेमलता कुर्रे, कौशिल्या सिन्हा का सराहनीय योगदान रहा।



अतिथि के हाथों पुरस्कार प्राप्त करती शिक्षिका।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप जैन M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट डॉ. सुमिता जैन B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं: मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

03-April -JANJ- bhoomi-FULL-pg-3_Layout 1 4/3/2025 8:40 PM Page 1



|| जय माँ शारदा ||

# मदनलाल अग्रवाल एण्ड कम्पनी

शादी के हर मौके के लिए,
एक्सक्लूसिव डिज़ाइनर कपड़ों का
बड़ा नया शोरूम

## कचहरी चौक, जांजगीर में


- साड़ी
- लहंगा
- कोट-सूट
- जेंट्स वियर
- सूटिंग-शर्टिंग
- किड्स वियर
- गर्ल्स वियर
- फर्निशिंग
- दूल्हा-दुल्हन के लिए स्पेशल स्टूडियो

लोकेशन

सस्ते की 100% गारंटी




KILLER | Siyaram's | Being human | ROOKIES | Raymond | MUFTI | nostrum industrial denim | DIGJAM




## कचहरी चौक, जांजगीर

## 99934 68346

## खबर संक्षेप

### शासकीय विद्यालय में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का प्रमाण पत्र वितरित



**हसौद।** जैजैपुर विकासखंड जिला सक्ती स्थित ग्राम पेन्ड्री के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सत्र 2024 25 के प्रमाण पत्र का वितरण किया गया ।बताते चलें कि 2024 25 सत्र की परीक्षा 19 अक्टूबर 2024 में पूरे छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश भर में 22 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में एक साथ हुई एवं परीक्षा परिणाम आने पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेन्ड्री में 3 अप्रैल को ग्राम पंचायत पेन्ड्री के नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती बृहस्पति चौहान एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य राजेश्वर हंस एवं गायत्री परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक कौशल कुमार साहू, श्याम सुंदर जांगड़े, संतोष कुमार बंजारे, मृगरंजनी कोसले, सोनिका लहरे ,राधिका पटेल, श्याम कुमार साहू, गितेश भारद्वाज, कुंदन कर्ष, कौशल प्रसाद साहू एवं विद्यालय के अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल आज रायगढ़ में लेंगे बैठक



**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल शुक्रवार 4 अप्रैल को दोपहर 12 बजे रायगढ़ जाएंगे। वे जिला भाजपा कार्यालय रायगढ़ में जिला भाजपा की बैठक लेंगे जिसमे 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के माध्यम से बड़े स्तर पर मनाना है। साथ ही विभिन्न कार्यक्रम किया जाना है। श्री चंदेल इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देंगे।

### हिन्दू नववर्ष पर शोभायात्रा, पूजा अर्चना कर किया प्रसाद वितरण



**राहौद।** विक्रम सवंत 2082 नव-संवत्सर व चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नवरात्रि के शुभ अवसर पर नगर में ढोल -तासा के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।शोभायात्रा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में नगर के माता -बहनें शामिल हुई शोभा यात्रा मां शीतला मंदिर परिसर से निकल कर नगर के विभिन्न मोहल्लों से भ्रमण करते हुए शीतला मंदिर प्रांगण पहुंची, जहां मां शीतला मंदिर में पूजा -अर्चना आशीर्वाद प्राप्त की, वहीं हिन्दू नववर्ष के शुभ अवसर पर एक दूसरे को बधाई दी। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया।इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि धीरेंद्र नाथ योगी, पार्षद कीर्ति सोनी, पार्षद अमित अनंत,विकास अग्रवाल,आकाश सोनी, चूड़ामणि सोनी, दीपक योगी,शुभम सोनी, विशाल चंदेल, प्रशांत कश्यप,पालेश सिंह राज, राहुल कश्यप, प्रांशु देवांगन,मोंटू कश्यप, शशांक शर्मा, विक्की पटेल,लक्ष्मण कश्यप, अमन गोंड, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 7 को

**सक्ती।** जिला पंचायत सक्ती के सामान्य सभा की बैठक सोमवार 7 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सक्ती के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन ने सामान्य सभा की बैठक में सम्बन्धितों को निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## श्रद्धांजलि

### श्रीमती बद्री देवी सोनी



**चांपा।** स्थानीय लायंस क्लब के सचिव सोनारपारा निवासी अधिवक्ता लायन संतोष कुमार सोनी की माता श्रीमती बद्री देवी सोनी का स्वर्गारोहरण विगत 22 मार्च को हो गया। दुःख की इस बेला में लायंस क्लब चांपा द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर श्रीमती सोनी के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतात्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। बाद में लायंस क्लब चांपा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने क्लब के सचिव संतोष कुमार सोनी के निवास पहुंचकर उन्हें संवेदना पत्र सौंपते हुए मृतात्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल, लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन, लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन गिरधारी लाल अग्रवाल, सचिव लायन डॉ. योगेन्द्र शर्मा, वाईस चेयरमेन लायन डॉ. के. पी. राठौर सहित लायन डॉ. जी. पी. दुबे, लायन मोहन गुलाबानी, लायन वासुदेव देवांगन, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन संतोष कुमार अग्रवाल, लायन विनोद कुमार अग्रवाल, लायन बजरंग लाल अग्रवाल, लायन सी.ए. सुरेश कुमार अग्रवाल तथा जोन चेयरपर्सन लायन राजेश अग्रवाल शामिल थे।

# सर्वमनोकामना पूर्ण करने वाली मां मनका दाई, सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद होती है पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवरात्रि पर्व पर खोखरा स्थित मां मनकादाई मंदिर में नवरात्रि की धूम है। यहां मां के दर्शन के लिए भक्त बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। विधि-विधान से मनकादाई मां की पूजा-अर्चना की जा रही है। सर्वमनोकामना पूर्ण करने वाली मां मनका दाई के दरबार से भक्त खाली हाथ नहीं जाता। ऐसी मान्यता है कि सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। क्षेत्र सहित नगर के भक्तगण मां की आराधना में जुटे हैं।

जिला मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम खोखरा में मां मनकादाई की महिमा अत्यंत ही निराली है। मां की महिमा का गुणगान पूरे ग्रामीण सुबह-शाम नित्य प्रतिदिन किया करते हैं, जो भक्तगण सच्चे भक्ती भाव से मनका दाईं के चरणों में जाकर अपना मनोरथ मांगते है उस भक्त की मनोकामना को मां अवश्य पूर्ण कर देती है। मां मनकादाई का धाम खोखरा देशी रियासतों के साधु संतों का गढ़ था, जहां अखरा देवता के वीरता की गाथा सुनने को मिलती है। इस गांव में बहुत ज्यादा संख्या मे तालाब एवं पुराने देवताओं के मठ एवं मंदिर के अस्तित्व आज भी देखने को मिलते है। खोखरा में मां मनका दाईं, समलाई मां, काली मां, शारदा मां, शीतला मां सहित कई देवी-देवता विराजमान है। मंदिरों से भरे होने के कारण यहां की अपनी एक अलग पहचान है। गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि प्राचीन काल में खोखरा गांव शिवाला राजाओं के गढ़ एवं अनोखी बस्ती के नाम से लोगों में परिचित था। तभी मनका दाईं की अद्भुत और अचरज में डाल देने वाली शक्ति सामने आईं। वर्तमान में जहां मंदिर एवं तालाब स्थापित है, वहां पहले घनघोर जंगल हुआ करता था। जहां लोग जाने के नाम से डरते थे। जिस समय मां मनका दाईं की महिमा सामने आईं, उसी समय सूखा और अकाल पड़ा था। लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए तड़प रहे थे। तभी उसी समय एक बालक उस जंगल के भीतर भैंस चराने के लिए गया और उसका भैंस कही गुम हो गया। बालक घबराकर घर आया और उसने ग्रामीणों के भैंसा के गुम हो जाने की खबर दी, जिससे ग्रामीण उस भैंस को ढूंढ़ने उस जंगल में गए डरे सहमे हुए जंगल में प्रवेश करने लगे। भैंस को ढूंढ़ते हुए लोग बीच जंगल में चले गए, जहां उन्होंने तालाब के कीचड़ से सने भैंसा व उसके सिंग को देखा। यह नजारा देखकर लोग दंग रह गए। इसके बाद भैंसे को घर ले आए और तालाब के पानी से अपना जीवन व्यापन करने लगे। कुछ महिनों बाद जिसका भैंसा गुम हो गया था, उसे मां मनका दाईं ने स्वप्न में कहा कि मैं उसी तालाब में हूं जहां तुमको तुम्हारा भैंसा मिला था। मैं मनका दाईं हूं। मुझे यहां से निकाल कर मेरी स्थापना कर पूजा अर्चना करो। मेरी कीर्ति और यश, वैभव को भक्तों तक पहुंचाओ। माता के आदेश के बाद उस आदमी ने जंगल जाकर तालाब से मिट्टी निकाल कर उस मिट्टी से मां मनका दाईं को प्रतिमा का रूप दिया और उसकी पूजा अर्चना की। इसके बाद से खोखरा में मां मनकादाई का वास हो गया। इसके बाद मां मनका दाईं पूरे गांव में भ्रमण कर किसी भी प्रकार के अनैतिक दुर्घटना का अपनी अद्वितीय शक्ति से आकाशवाणी करती थी। यदि किसी व्यक्ति को समस्या आन पड़ती है तो मां के पावन चरण कमल में अपना मत्था टेक कर अपनी मनोकामना पूर्ण करते थे। इसे यहां के मालगुजार तिवारी परिवार के लोग कुलदेवी के रुप में पूजा करते है, वहीं ग्रामवासियों में भी माता के प्रति आगाध आस्था है। वर्तमान में मां मनका दाई मंदिर विशाल रूप ले चुका है। हर साल मंदिर का विस्तार ट्रस्ट द्वारा कराया जा रहा है। मंदिर में हर वर्ष दोनों पक्ष के नवरात्रि में धूम रहती है। नवरात्रि के दौरान यहां भक्तों का तांता लगा रहता है। सभी भक्त अपनी मनोकामना लेकर मां के दरबार में पहुंचते हैं, जिन्हें मां पूरा कर देती है। चैत्र नवरात्रि में यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना दीप प्रज्जवलित कराए गए है। यहां मेला भी लगा है। माता के दर्शन करने सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है।

**विधि-विधान से हो रही पूजा-अर्चना**



## शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी

# पंचायत सचिवों के अनिश्चतकालीन हड़ताल पर जाने से कामकाज ठप, भटक रहे लोग



अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते पंचायत सचिव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शासकीय करण की मांग को लेकर पंचायत सचिवों का अनिश्चितकालिन आंदोलन जारी है। उनके हड़ताल पर चले जाने से ग्राम पंचायतो में कामकाज ठप्प पड़ गया है। वही पीएम आवास सर्वे का कार्य भी हडताल के चलते शुरू नही हो सका है। ऐसे में ग्रामीणों को पीएम आवास सर्वे मे नाम जुडवाने के लिए मशक्कत करनी पड रही है।

जांजगीर चाम्पा जिले के 5 ब्लाक को मिलाकर कुल 336 ग्राम पंचायते है। वही 400 सौ से अधिक गांव भी आते है। इन दिनो ग्राम पंचायतो में पदस्थ पंचायत सचिव शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चित कालिन आंदोलन पर चले गए है, जिसके चलते ग्राम पंचायतो में कामकाज ठप्प पड गया है। ऊपर से केन्द्र एवं राज्य सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओ में से एक पीएम आवास योजना के तहत ग्रामिण क्षेत्रो में सर्वे करके ऐसे पात्र ब्यक्ति जिन्हे आवास का लाभ नही मिल पाया है। उन्हें पात्रता के अनुसार सर्वे करके लाभ भी दिया जाना है। लेकिन ऐसा नही हो पा रहा है। पंचायत सचिव मंगलवार 18 मार्च से अनिश्चित कालिन आंदोलन पर चले गए है। उनका आंदोलन गुरुवार 3 अप्रैल को भी जारी रहा। वही पंचायत सचिवो के हडताल पर चले जाने के कारण आवास सर्वे कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। राज्य शासन के पंचायत विभाग से जो आदेश जारी किया गया है। उसके अनुसार पीएम आवास सर्वे कार्य की आईडी पंचायत सचिवो के पास है। वही पंचायतो के सभी प्रमुख दस्तावेज पंचायत सचिव अपने पास ही रखते है। जिसके चलते पीएम आवास सर्वे कार्य ग्राम पंचायतो में शुरू नही हो पा रहा है।

### पंचायत सचिवों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी नगाड़ा बजाकर हनुमान चालीसा का करेंगे पाठ

**मालखरौदा।** शासकीयकरण की मांग को को लेकर आंदोलन में बैठे पंचायत सचिवों की मांग पर राज्य सरकार की ओर से किसी तरह पहल नहीं होने से अब संघ ने आंदोलन को और उग्र करने का ऐलान किया है। इसके तहत 2 अप्रैल से चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है अब सरकार को जगाने नगाड़ा बजाएंगे, हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। क्रमिक भूख हड़ताल से लेकर रामायण गान गाकर नगाड़ा बजाकर विरोध करेंगे। पंचायत सचिव 6 अप्रैल तक जनपद स्तर पर हड़ताल, 7 अप्रैल को जिला स्तर पर रैली निकाली जाएगी, सीएम के नाम कलेक्टर को ज्ञापन देंगे। इस संबंध में ब्लॉक पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष वेद राम साहू ने बताया कि मोदी की गारंटी होने के बाद भी पंचायत सचिव की एकमात्र मांग को एक साल गुजर जाने के बाद भी पूरा नहीं किया जा रहा। पंचायत सचिव करीब माह भर से आंदोलन कर रहे हैं। इसके बावजूद उनकी मांगों को सरकार लगातार अनसूना कर रही है। ऐसे में शासन-प्रशासन को जगाने अब चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इसके बावजूद भी मांगें पूरी नहीं हुई तो प्रदेश पंचायत संघ के आह्वान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। 8 अप्रैल को जनपद स्तर पर नगाड़ा बजाकर विरोध जताएंगे। 9 अप्रैल को जनपद स्तर पर रामायण गान करेंगे। 10 अप्रैल को धरना स्थल पर महावीर जयंती मनाएंगे। 11 अप्रैल को जनपद स्तर परक्रमिक भूख हड़ताल, 12 अप्रैल को सरकार की सद्बुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। 14 अप्रैल को धरना स्थल पर बाबा अंबेडकर की जयंती मनाएंगे। 15 से 19 अप्रैल तक जनपद स्तर पर क्रमिक भूख हड़ताल, 20 अप्रैल को प्रदेश के सभी सचिव जंतर-मंतर कूच करेंगे। 21 अप्रैल से दिल्ली में अनिश्चितकाली विन हड़ताल पर बैठ जाएंगे।





फाटक खुलने के बाद इस तरह लगती है जाम।

# नैला रेलवे फाटक पर ओव्हब्रिज निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- विधायक ब्यास कश्यप ने नैला रेलवे स्टेशन के पास ओव्हब्रिज निर्माण सहित अन्य मांगों को लेकर डी .आर .एम . को सौंपा ज्ञापन

डी.आर.एम. बिलासपुर को जांजगीर-चांपा विधानसभा के विधायक ब्यास कश्यप ने आरओबी निर्माण सहित विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा है। वहीं इस दिशा में 1 मई तक उचित पहल नहीं होने पर चरणबबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी है। विधायक कश्यप ने ज्ञापन में बताया है कि नैला रेलवे स्टेशन के पश्चिम केबिन के पास रेल ओव्हरब्रिज निर्माण छत्तीसगढ़ शासन के बजट 2024-25 में शामिल है तथा रेलवे के द्वारा भी उक्त कार्य के लिए सहमति दी जा चुकी है। इसके उपरांत भी ओव्हरब्रिज निर्माण कार्य को आज दिनांक तक प्रारंभ नही किया जा सका है। ओव्हरब्रिज नही बनने से रेलवे क्रासिंग पर वाहनों की लंबी कतारें लगने से ट्रेफिक जाम की भारी समस्या रहती है। क्षेत्रवासी इस समस्या से निजात के लिए रेल ओव्हरब्रिज निर्माण की मांग लंबे समय से कर रहे हैं। उन्होंने नैला रेलवे स्टेशन के पूर्वी केबिन के पास स्थित प्रसिद्ध नहरिया बाबा मंदिर के पास रेल लाईन पर फुट ओव्हब्रिज निर्माण कराने की मांग भी रखी है। इसके अलावा जांजगीर जिला मुख्यालय के एकमात्र रेलवे स्टेशन नैला में प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों जैसे गोंडवाना, साउथ बिहार, एवं ज्ञानेश्वरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस के स्टॉपेज के लिए भी मांग उन्होंने रखी है। उपरोक्त मांगों को पूरा करने लिए यदि 1 मई से पहले कोई नीतिगत कदम नही उठाया गया तो जांजगीर-नैला के नागरिकगण चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# भागवत की कथा भगवान के अवतारों की कथा : कृष्णकांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

- डोकरी दाई मंदिर में चल रहा श्रीमद् भागवत कथा

जैजैपुर विकासखण्ड अंतर्गत मां डोकरी दाई की पावनधरा ग्राम पंचायत घिवरा में चैत्र वासंती नवरात्र में मंदिर मेला महोत्सव के चतुर्थ दिवस संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में व्यासपीठ आचार्य पं कृष्णकांत वृंदावन धाम ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भगवान के अनेकों अवतारों की कथा सुनाई।

उन्होंने कथा सुनाते हुए कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ने लगती है तब तब विभिन्न अवतार लेकर पृथ्वी का भार कम करते हैं। आचार्य श्री ने कहा कि जब कंस का अत्याचार बढ़ने लगा तब भगवान ने श्रीकृष्ण के रूप में मथुरा के कारागृह में जन्म लिया और विभिन्न प्रकार की लीलाएं की। जिसमें मुख्य रूप से बाल लीला, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, माखन चोरी,महारास की कथा सहित कथा विस्तार से वर्णन किया जा रहा है। मुख्य यजमान श्रीमती सरोजिनी दुष्यंत कुमार कश्यप, श्रीमती बिंदू विनय कुमार कश्यप सरपंच,रामचन्द्र तिवारी, सौखीलाल कश्यप, गोपाल कश्यप, एल आर कश्यप, अरूण कश्यप, कीर्तन लाल कश्यप, रामप्रसाद कश्यप, अमृत यादव, भूपेन्द्र कुमार कश्यप,डाकेश्वर श्रीवास,रामरतन, कृष्णा कश्यप सहित कथा श्रवण करने दूर दराज से श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।



कथा श्रवण करते श्रद्धालु एवं इंसेट में पं.कृष्णकांत।

# महावीर जयंती पर मांस एवं मदिरा विक्रय पर प्रतिबंध लगाने जैन समाज मिला एसडीएम से

**अकलतरा।** अकलतरा जैन समाज के पदाधिकारीयों के द्वारा 10 अप्रैल को भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महावीर जयंती के अवसर पर जांजगीर चांपा जिले में मांस एवं मदिरा के विक्रय पर प्रतिबंध लगाए जाने के लिए कलेक्टर के नाम पर एसडीएम विक्रांत अंचल को ज्ञापन सौंपा गया है।

अकलतरा जैन समाज के अध्यक्ष राजेश जैन ,उपाध्यक्ष श्रीजीत जैन एवं सचिव रूपेश जैन ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी ने संपूर्ण जीव जगत के कल्याण की भावना से संपूर्ण विश्व वासियो के लिए अहिंसा व जियो एवं जीने दो का संदेश दिया है। उनके जन्म कल्याणक के अवसर पर मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश ,दिल्ली सहित देश के अन्य कई राज्यों में मांस एवं मदिरा के विक्रय पर प्रतिबंध लगता आ रहा है। भगवान महावीर के अहिंसा के संदेश को जन-जन तक पहुंच जाने के उद्देश्य से जांजगीर चांपा जिले में मांस एवं मदिरा के विक्रय पर प्रतिबंध लगाए जाने के लिए ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में अधिवक्ता आशीष जैन, अवनीश जैन एवं महेश्वर टंडन शामिल थे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते लोग।

## कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विप्रजनों की बैठक

# भगवान परशुराम जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भगवान परशुराम जयंती पर आगामी 30 अप्रैल को पैदल शोभायात्रा के कार्यक्रम के निर्धारण के लिए जांजगीर स्थित मयंक होटल में सभी विप्र जनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार किया गया। प्रारंभिक तौर पर यह तय हुआ की भगवान परशुराम जयंती पैदल शोभा यात्रा का प्रारंभ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर से होगी और शोभायात्रा कचहरी चौक एवं नेताजी चौक होते हुए भगवान परशुराम चौक नैला रेलवे स्टेशन में समाप्त होगी। बैठक में यह तय किया गया कि जांजगीर शहर के आसपास के ग्रामीण इलाकों में भगवान परशुराम जयंती संबंधी आयोजन को जिला मुख्यालय जांजगीर में समाहित करने के लिए प्रयास किया जाएगा। शोभा यात्रा में विप्र जनों के परिवार के सभी सदस्य शामिल रहेंगे। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद नैला स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में रात्रि भोज का आयोजन होगा, जिससे श्रद्धालुओं को शोभा यात्रा के बाद प्रसाद प्राप्त हो सके। आगामी बैठक में आसपास के ग्रामीण इलाकों के सभी प्रमुख विप्र जन शामिल होंगे। बैठक में ओमप्रकाश पाण्डेय, प्रदीप कुमार चतुर्वेदी, आलोक शुक्ला, परमानंद तिवारी, योगेंद्र कुमार शुक्ला, गौरव उपाध्याय, प्रखर तिवारी, संजय कुमार शर्मा, प्रेमलाल पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, गोपाल शर्मा, स्वास्तिक शर्मा ,राजेश पाण्डेय भडेसर, हिमांशु शर्मा, गोविंद पाण्डेय,इंद्र शर्मा, पंडित किरण मिश्रा, शिव तिवारी, प्रवीण उपाध्याय, सुनील कुमार शर्मा, डेमन पाण्डेय, दिनेश दुबे, चंद्रहास मिश्रा, मदन तिवारी, अनुराग शर्मा, महेश शर्मा, दीनानाथ उपाध्याय, योगेंद्र पाण्डेय, आलोक मिश्रा, मुकेश शर्मा, रविकांत मिश्रा, अनीश शर्मा, सिद्धांत तिवारी, आदर्श चतुर्वेदी, रोहन शुक्ला, यश शर्मा, हरीश पाण्डेय, आकाश तिवारी ,मेहुल शर्मा, शुभम पाण्डेय, वैभव गौरहा, मनीष शुक्ला, दिलीप शर्मा, उमाशंकर शर्मा, राजेश तिवारी, आशीष शर्मा जांजगीर, रविकांत पाण्डेय, आशीष शर्मा बनारी, प्रिंस शर्मा, अनुराग टिंकू शुक्ला, असीमधर दीवान सहित विप्र समाज के लोग उपस्थित थे।



बैठक में चर्चा कर रुपरेखा तैयार करते विप्र समाज के लोग।

